Nai Dunia (Indore), 18th February 2020, Page-1


नवाचार आईफा के पहले एयरपोर्ट पर स्थापित होंगे चार तरह की तकनीक पर आधारित रोबोट

# आईआईटी में तैयार हो रहे हैं चेहरा पहचानने वाले रोबोट

गजेंद्र विश्वकर्मा • इंदौर (नईदुनिया)

शहर में 27 से 29 मार्च को होने जा रहे आईफा अवार्ड की तैयारियों में आईआईटी इंदौर भी शामिल हो गया है। हाल ही में इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर और आईआईटी के प्रोफेसर और विद्यार्थियों के बीच एक बैठक हुई थी। इसमें तय हुआ है कि आईफा अवार्ड में आने वाले देश-दुनिया के अतिथियों के सामने शहर की बेहतर इमेज दर्शाने के लिए चार तरह की तकनीक पर आधारित रोबोट तैयार किए जाएं।

इसमें एक रोबोट चेहरा देखकर व्यक्ति की पहचान कर लेगा और उससे संबंधित जानकारी बताएगा। वहीं दूसरा रोबोट एयरपोर्ट की सीढ़ी पर पैर रखते ही म्यूजिक सुनाएगा। एक रोबोट ऐसा भी होगा जो इंदौर और आईफा से संबंधित जानकारी देगा। इन मशीन आधारित रोबोट को 15 मार्च तक स्थापित करने का लक्ष्य आईआईटी ने रखा है।



आईआईटी इंदौर एयरपोर्ट पर लगाने के लिए इस तरह के रोबोट तैयार कर रहा है। • फाइल फोटो

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व इंटरनेट ऑफ थिंक्स पर आधारित

आईआईटी कुछ विशेष टेक्नोलॉजी पर आधारित उपकरण तैयार करेगी इसके बाद इन्हें रोबोट का रूप दे दिया जाएगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंक्स और मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। मेहमानों के सामने शहर का इम्प्रेशन अच्छा बने इसके लिए रोबोट को बेहतर बनाने के लिए आईआईटी गंभीरता दिखा रहा है। संस्थान के डायरेक्टर निलेश कुमार जैन का कहना है कि हम शहर को गति देने के लिए भी काम करना चाहते हैं। प्रशासन को जिस भी तरह की मदद की जरूरत होगी हम इसके लिए तैयार हैं।

## सभी ब्रांच के विद्यार्थी रोबोट बनाने के काम में जुटे हैं

आईआईटी इंदौर के सीनियर प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आईआईटी इंदौर के पास विश्वस्तरीय लैब और उपकरण हैं। ऐसे में शहर में बाहर से आने वाले मेहमानों को नया अहसास देने के लिए सभी ब्रांच के प्रोफेसर और विद्यार्थी रोबोट और उपकरण बनाने के काम में जुट गए हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर आर्यमा सान्याल से हुई बैठक के बाद आईआईटी ने कुछ आकर्षक प्रयोग करने की प्लानिंग बताई थी। इसमें से कुछ उपकरणों को तय किया गया है। रोबोट तैयार करने का 60 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।